देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इन्दौर – 452001

क्रमांक :– गोप./प्रा. प./2024 / 912
दिनांक :– 5 MAR 2024

// सूचना //

" असंस्थागत विद्यार्थियों के लिये "

अवर सचिव उच्च शिक्षा म.प्र. शासन के पत्र क्रमाक 72/188/सी.सी./21/अड़तीस दिनांक 02/02/2022 के सन्दर्भ में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की सत्र 2023–24 **की स्नातक स्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (नवीन शिक्षा पद्धति NEP) की परीक्षा के स्वाध्यायी विद्यार्थियों का प्रायोगिक कार्य सम्पन्न कराया जाना है।** नियमित/भूतपूर्व एवं स्वाध्यायी छात्रों का प्रायोगिक कार्य एक साथ सम्पन्न किया जाना है।

2/ सत्र 2023–24 स्नातक स्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (नवीन शिक्षा पद्धति NEP) के स्वाध्यायी विद्यार्थियों का प्रायोगिक कार्य उसी महाविद्यालय में सम्पन्न होगी जहॉ उक्त कक्षाओं का नियमित अध्यापन कार्य होता है। अतएव स्वाध्यायी विद्यार्थी उसी महाविद्यालय में पंजीयन कराये, जहॉ वांछित विषय/पाठ्यक्रम का नियमित अध्यापन कार्य होता हो एवं उक्त विषय के शिक्षक उपलब्ध हो।

3/ अतः समस्त स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रायोगिक कार्य से पूर्व संबंधित महाविद्यालय में अपना पंजीयन अवश्य कराये एवं प्रायोगिक कार्य की निश्चित तिथि एवं समय के संबंध में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या अथवा संबंधित विषय के विभागाध्यक्षों से सम्पर्क स्थापित कर निर्धारित तिथि पर प्रायोगिक कार्य में सम्मिलित होवें।

4/ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, विद्यार्थियों की जानकारी के लिए प्रायोगिक कार्य की तिथि नोटिस बोर्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा करेगें तथा असंस्थागत विद्यार्थियों की प्रायोगिक/प्रोजेक्ट/इंटर्नशिप/मौखिक परीक्षा आदि शासन के निर्देशानुसार कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक :– 5 MAR 2024

पृष्ठा. क्रमांक : गोप./ प्रा.प/2024/ 912
प्रतिलिपिः–

1/सम्पादक महोदय, दैनिक .... इन्दौर की ओर अग्रेषित कर निवेदन है कि अपने लोकप्रिय समाचार–वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2/प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या /विभागाध्यक्ष , संबंधित महाविद्यालयों की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर निवेदन है कि सूचना–पत्र की एक प्रति आवश्यक रूप में महाविद्यालय के सूचना–फलक पर लगाने की व्यवस्था करें ताकि छात्रों को प्रायोगिक कार्य के संबंध में समय रहते जानकारी प्राप्त हो सकें एवं समयचक्र की एक प्रति विश्वविद्यालय को भेजने का कष्ट करें ।

3/समस्त विश्वविद्यालय अधिकारियों/कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, अधीक्षक (परीक्षा) एवं संबंधित परीक्षा विभाग के सहायकों की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

4/विभागाध्यक्ष, आई.टी. सेन्टर , देवी अहिल्या विश्वविद्यालय तक्षशिला परिसर, खण्डवा रोड इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अनिवार्यतः अपलोड करे।

5/विभागाध्यक्ष, प्रायोगिक परीक्षा सेल दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित है।

सहायक कुलसचिव (गोप.)